आफरी में फोरेस्ट कॉलेज रिसर्च इन्स्टी्यूट, मेट्पलायम के विद्यार्थियों का आफरी भ्रमण

तमिलनाडू कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत फोरेस्ट कॉलेज रिसर्च इन्स्टी्यूट, मेट्पलायम, तमिलनाडू के 34 सदस्दीय दल ने शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का दौरा किया । बी.एस.सी (वानिकी) के छात्र उत्तरी भारत के शैक्षणिक भ्रमण पर है । इस अवसर पर आफरी निदेशक श्री एन.के.वासु, भावसे ने विद्यार्थियों को शुष्क क्षेत्र की पारिस्थितियों के बारे में जानकारी देते हुए वानिकी में कैरियर संबंधी सुझाव दिए । उन्होंने विद्यार्थियों को वन्य जीवों एवं पारिस्थितिकी में कैरियर बनाने तथा वानिकी को जनउपयोगी हेतु कार्य करने का आह्वान किया ।

इस अवसर पर कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भावसे ने आफरी के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. एन.के.बोहरा ने आफरी द्वारा किए जा रहे शोध परिणामों की जानकारी दी । विद्यार्थियों को आफरी की पौधशाला का भ्रमण भी कराया गया । कार्यक्रम में छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया । दल का नेतृत्व डॉ. आर.जूड सुधागर, सहायक प्रोफेसर (वानिकी) एवं डॉ. वी. आनन्दी कर रहे है । दल में 20 छात्र एवं छात्राएँ है ।